## India Art Architecture & Design Biennale 2023

The Ministry of Culture, Government of India is organising India Art Architecture Design Biennale 2023, as its flagship programme to invigorate the cultural space & creative economy, with its first iteration at Red Fort, New Delhi (declared as a Cultural Space by Hon'ble PM in January 2020) from 8th-15th December 2023. This is in line with the government's aim to develop & institutionalize a Global Cultural Initiative at par with International Biennales at Venice, Sao Paulo, Singapore, Sydney, Sharjah, Jeddah, and Art Fairs at Dubai, London, Basel and Design Week at Berlin.

The India Art Architecture Design Biennale 2023 (IAADB -23) will be the country's unique endeavour with global & pan-India outreach, similar to other international biennales, art fairs and other such event. Fulfilling the mandate of Jan Bhagidari, IAADB will see the inclusion of students, emerging & established artists/architects/designers, folk & rural practitioners across genres & regions.

This mega event aims to invigorate the cultural & creative industries that contribute 3.1% of the global GDP and 6.2% of all employment, hires more people aged 15-29 years than any other sector. It will also initiate holistic dialogue & provide platform for practitioners & professionals in the fields of art, architecture, design and allied services/sectors and leverage the Arts for Global Cultural Diplomacy & Connect.

In this event, traditional, grassroot artisans as well as contemporary designers, curators & thought leaders, cutting across age, gender & genre lines will showcase their work and ccelebrate the best that our country has to offer in the fields of ancient, modern, contemporary and technology driven art, architecture and design.

The Red Fort, identified as the venue of the event, located in the heart of Delhi, is an iconic symbol of art, Architecture Design. 3 Barracks have been chosen for the exhibitions, while the lawns and spaces around the barracks will host workshops, art bazaar, cultural programmes, merchandise corner etc.

Each day of the week is built around a uniquely conceptualized theme which will be complemented by exclusively curated exhibitions for which 7 distinguished curators have been on-boarded. The exhibitions have been designed in both physical and digital forms for an immersive experience accompanied by interactive installations.

During the week long event a series of programs and interactive sessions on themes like Door of India, Gardens of India, Baolis of India, Temple Architecture of India, Architectural Wonders of Independent India, Indigenous Design and Women in Architecture Design will be organised.

Massive participation of designers, academicians and citizens has been visualised through panel discussions, workshops and art bazaar. Pavilions set up as part of Biennale to remain on display till 31st March 2024. In conjunction with the IAADB's mandate for inclusivity, a Student Biennale is also being organised from the 9th of December at the Lalit Kala Akademi and will serve as a platform for emerging talent to showcase creativity and imagination.

The India Art Architecture Design Biennale 2023 is set to be a unique event that aims to mobilise the community of artists and designers by providing a platform for both established and emerging artists. It's goal is to energize cultural and creative industries by fostering dialogue among practitioners in art, architecture, and design.

Department of Posts is delighted to issue Commemorative Postage Stamp on India Art Architecture Design Biennale 2023 and appreciates its role in highlighting the Indian art and culture at global level.

**Credits:**


| | | |
|---|---|---|
| Stamp/FDC/Brochure | : | Ms Nenu Gupta |
| Cancellation Cachet | : | Ms Nenu Gupta |
| Text | : | Referenced from content provided by Proponent |

भारतीय डाक विभाग

**Department of Posts**
**India**

इंडिया आर्ट आर्किटेक्चर डिज़ाइन बिनाले 2023
INDIA ART ARCHITECTURE DESIGN BIENNALE 2023




विवरणिका BROCHURE

# इंडिया आर्ट आर्किटेक्चर डिज़ाइन बिनाले, 2023

भारत सरकार का संस्कृति मंत्रालय, सांस्कृतिक चेतना और सृजनशीलता से जुड़ी हुई अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए अपने एक प्रमुख कार्यक्रम के रूप में 'इंडिया आर्ट आर्किटेक्चर डिज़ाइन बिनाले 2023' का आयोजन कर रहा है। 8 से 15 दिसंबर, 2023 तक लाल किला, नई दिल्ली में पहली बार इसका आयोजन किया जाएगा (माननीय प्रधानमंत्री ने इसे जनवरी, 2020 में सांस्कृतिक स्पेस की संज्ञा दी)। यह समारोह वेनिस, साओ पाउलो, सिंगापुर, सिडनी, शारजाह, जेद्दा में आयोजित किए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय द्विवार्षिक समारोहों और दुबई, लंदन, बेसल में आयोजित किए जाने वाले कला उत्सवों तथा बर्लिन में मनाए जाने वाले डिज़ाइन सप्ताह के स्तर की एक पहल है जो कि सरकार के वैश्विक सांस्कृतिक पहल को विकसित करने एवं संस्थागत स्वरूप प्रदान करने के प्रयासों के अनुरूप है।

'इंडिया आर्ट आर्किटेक्चर डिज़ाइन बिनाले 2023' (आईएआईडीबी '23) अन्य अंतरराष्ट्रीय समारोहों, कला उत्सवों और इसी प्रकार के अन्य कार्यक्रमों के समान ही वैश्विक तथा अखिल भारतीय आउटरीच वाला देश का एक अद्वितीय प्रयास होगा। 'इंडिया आर्ट आर्किटेक्चर डिज़ाइन बिनाले 2023' में जन भागीदारी के अधिदेश के अनुरूप विद्यार्थियों, उभरते व स्थापित कलाकारों/वास्तुकारों/डिज़ाइनरों, विभिन्न शैलियों और क्षेत्रों के लोक और ग्रामीण वृत्तिकों की भागीदारी देखी जा सकेगी।

इस विशाल कार्यक्रम का उद्देश्य सांस्कृतिक और सृजनशील उद्योगों को बढ़ावा देना है जो कि वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 3.1% और समस्त रोजगार में 6.2% का योगदान देते हैं और किसी भी अन्य क्षेत्र की तुलना में, 15–29 वर्ष की आयु के अधिक लोगों को काम पर रखते हैं। इससे समग्र संवाद की शुरुआत होगी और यह कला, वास्तुकला, डिज़ाइन तथा संबद्ध सेवाओं/क्षेत्रों के वृत्तिकों और पेशेवरों को मंच प्रदान करेगा तथा वैश्विक सांस्कृतिक कूटनीति और संपर्क को सुदृढ़ करने के लिए कला क्षेत्र का उपयोग करेगा।

इस आयोजन में, हर आयुवर्ग, लिंग और शैली के पारंपरिक, जमीनी स्तर के कारीगरों के साथ–साथ समकालीन डिज़ाइनर, क्यूरेटर और अग्रणी चिंतक अपने कार्यों का प्रदर्शन करेंगे और हमारे देश में उपलब्ध सर्वश्रेष्ठ प्राचीन, आधुनिक, समकालीन तथा तकनीक संचालित कला, वास्तुकला और डिज़ाइन का प्रदर्शन करेंगे।

इस कार्यक्रम के आयोजन स्थल के रूप में चुना गया लाल किला दिल्ली के मध्य में स्थित है, जो कला, वास्तुकला और डिज़ाइन का एक प्रतिष्ठित प्रतीक है। प्रदर्शनियों के लिए 3 बैरकों को चयनित गया है, जबकि इन बैरकों के आसपास स्थित लॉनों व खाली जगहों पर कार्यशालाएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा तथा कला बाजार और व्यापारिक कॉर्नर आदि लगाए जाएंगे।

सप्ताह के प्रत्येक दिन के लिए एक विशिष्ट संकल्पनात्मक थीम निर्धारित की गई है, इसके लिए विशेष रूप से क्यूरेटेड प्रदर्शनियाँ लगाई जाएँगी, और इन क्यूरेटेड प्रदर्शनियों के लिए 7 प्रतिष्ठित क्यूरेटरों की सेवाएँ ली गई हैं। प्रदर्शनियों को भौतिक और डिजिटल दोनों रूपों में डिज़ाइन किया गया है ताकि इन इंटरैक्टिव इंस्टॉलेशनों से एक शानदार गहन अनुभव प्राप्त किया जा सके।

सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम के दौरान भारत के द्वारों, भारत के उद्यानों, भारत की बावलियों, भारत की मंदिर–वास्तुकला, स्वतंत्र भारत के उत्कृष्ट वास्तुशिल्पों, स्वदेशी डिज़ाइन और 'वास्तुकला तथा डिज़ाइन के क्षेत्र में महिलाएं' जैसे विषयों पर विभिन्न कार्यक्रमों और इंटरैक्टिव सत्रों की एक श्रृंखला आयोजित की जाएगी।

समारोह में पैनल चर्चाओं, कार्यशालाओं और कला–बाजार के माध्यम से डिज़ाइनरों, शिक्षाविदों और नागरिकों की व्यापक भागीदारी देखने को मिलेगी। इस द्विवार्षिक समारोह के अंतर्गत स्थापित किए गए पवेलियन 31 मार्च, 2024 तक खुले रहेंगे। 'इंडिया आर्ट आर्किटेक्चर डिज़ाइन बिनाले 2023' के समावेशिता संबंधी अधिदेश के अंतर्गत 9 दिसंबर से ललित कला अकादमी में एक छात्र द्विवार्षिकी का भी आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम उभरती हुई प्रतिभाओं के लिए सृजनशीलता एवं कल्पनाशीलता प्रदर्शित करने हेतु एक मंच के रूप में काम करेगा।

'इंडिया आर्ट आर्किटेक्चर डिज़ाइन बिनाले 2023' अपने आप में एक अनोखा आयोजन होने जा रहा है जिसका उद्देश्य स्थापित और उभरते हुए दोनों प्रकार के कलाकारों को एक मंच प्रदान कर कलाकारों और डिज़ाइनरों के समुदाय को संगठित करना है। इसका लक्ष्य कला, वास्तुकला और डिज़ाइन के वृत्तिकों के बीच संवाद को बढ़ावा देकर सांस्कृतिक और सृजनशील उद्योगों में ऊर्जा का संचार करना है।

डाक विभाग 'इंडिया आर्ट आर्किटेक्चर डिज़ाइन बिनाले 2023' पर स्मारक डाक टिकट जारी करते हुए प्रसन्नता व्यक्त करता है और भारतीय कला एवं संस्कृति को वैश्विक स्तर पर बेहतरीन ढंग से प्रदर्शित करने में इसकी भूमिका की सराहना करता है।

**आभार:**

| | | |
|---|---|---|
| स्टांप/एफडीसी/ब्रोशर | : | सुश्री नेनू गुप्ता |
| विरूपण कैशे | : | सुश्री नेनू गुप्ता |
| पाठ | : | प्रस्तावक द्वारा प्रदत्त सामग्री से संदर्भित |


# तकनीकी आंकड़े

**TECHNICAL DATA**

| | | |
|---|---|---|
| मूल्य | : | 500 पैसे |
| Denomination | : | 500 p |
| मुद्रित डाक टिकटें | : | 301600 |
| Stamps Printed | : | 301600 |
| मुद्रण प्रक्रिया | : | वेट ऑफसेट |
| Printing Process | : | Wet Offset |
| मुद्रक | : | प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद |
| Printer | : | Security Printing Press, Hyderabad |

The philatelic items are available for sale at Philately Bureaus across India and online at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

©डाक विभाग, भारत सरकार। डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

©Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the Stamp, First Day Cover, Miniature Sheet and Information Brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 5.00